MEDIA REPORT

PUBLICATION	**:**	BATHINDA BHASKAR		
EDITION	**:**	BATHINDA		
DATE	**:**	JAN 01, 2021	**PAGE NO.:**	1

मंडे पॉजिटिव ■ एचएमईएल रिफाइनरी रामा मंडी के कर्मचारी आफिस ड्यूटी के अलावा निभा रहे समाजसेवा की भी जिम्मेदारी

सर्दी व गर्मी के वस्त्र वितरण, शिक्षा प्रदान कर सवार रहे बच्चों का भविष्य

संजय मिश्रा | बठिंडा

कहते हैं अगर कोई इंसान अपने साथ-साथ अपने लोगों व समाज को बेहतर बनाने की प्रगतिशील हो तो उसकी की हुई सेवासमाज में जरूरत कुछ न कुछ अच्छा प्रभाव दिखाएगी। ऐसा ही कार्य हिंदुस्तान मित्तल एनर्जी (एचएमईएल) गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी में कार्यरत टीमें व उनके परिजन कर रहे हैं।

वह ना केवल अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहण कर रहे हैं, बल्कि समाज में आकर जरूरतमंद लोगों की सेवा कर अपने समाजसेवा के धर्म को भी सार्थक कर रहे हैं जिसमें जरूरतमंद लोगों के लिए गर्मियों व सर्दियों के वस्त्र वितरण के साथ-साथ बच्चों के लिए खिलौने देने के अलावा जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी आदि ऐसी चीजें हैं जिसकी अहमियत एक बच्चे या परिवार के लिए बहुत अधिक होती है। ज्वाय आफ गिविंग के बैनर तले रिफाइनरी कर्मी हर साल बहुत सादगी से लोगों की मदद में हाथ बंटाते हैं जिसमें उन्हें शिक्षित करने का कार्य भी शामिल है। हाल ही में एचएमईएल ने रेडक्रास को वस्त्रों के साथ स्टेशनरी व खिलौने देकर अपने कर्त्तव्य का निवर्हण किया है।

इसके अलावा एचएमईएल की ओर से इलाके के लोगों के सेहत व शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं स्कूलों में बच्चों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि वह अपना भविष्य संवार सकें।

सेहत सुविधाओं में सहयोग देकर अहम भूमिका निभा रही है संस्था

एचएमईएल की ओर से समय-समय पर आसपास के गांवों में स्थित सेहत सुविधा केंदों पर जरूरत के अनुसार सामान मुहैया करवाया जा रहा है ताकि लोगों को सेहत सुविधाएं मिल सकें।

समाज को कुछ देने की इच्छा लेकर काम करती टीमें

एचएमईएल सरकार के दिशा निर्देश अनुसार सीएसआर एक्टिविटी कर ही रही है, उसके साथ ही कंपनी के कर्मचारी सामाजिक तौर पर भी सेवाकार्यों से जुड़े हुए हैं जिसमें बठिंडा शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों में बच्चों व बड़ों के लिए वस्त्रों को बांटने के साथ-साथ जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने का कार्य सबसे महत्वपूर्ण है। इसमें उन्हें स्टेशनरी, बैग व अन्य जरूरत की चीजें कर्मचारी मुहैया करवाते हैं। इसके अलावा उन्हें निशुल्क पढ़ाई देने का बड़ा जिम्मा भी कुछ टीमें लेकर चलती हैं ताकि देने के सुख को दूसरों से भी बांटा जा सके। वहीं एचएमईएल की रॉबिनहुड आर्मी, जिसमें इलेक्ट्रिकल व इंस्टरूमेंटेशन-मेनटेनेंस की टीमें आसपास के गांवों व वृद्ध आश्रमों में जाकर भोजन, किताबें व कपड़े बांटते हैं।

गरीब व जरूरतमंद लोगों को भोजन का भी वितरण करती हैं टीमें

एचएमईएल टाऊनशिप व शहर में रहते कंपनी कर्मियों के परिवार की महिला सदस्याएं भी बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रयासरत हैं। इसमें जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने के साथ अनाथ बच्चों की मदद करना व बस्तियों में हेल्थ चैकअप कैंप लगाना शामिल है। इसी ग्रुप की कई महिलाएं सदस्याएं रबता नाम के इवनिंग स्कूल का संचालन कर रही हैं जिसमें उन बच्चों को शिक्षा दी जा रही है जो स्कूल में फीस नहीं दे सकते। हाल ही में रेडक्रास बठिंडा के मास्टर ट्रेनर नरेश पठानिया को सर्दियों के वस्त्र सौंपने आई एचएमईएल टीम के पंकज विनायक व मंदीप सिंह कहते हैं कि कंपनी में कार्यरत हर अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिवारों की इच्छा सेवाभाव की रहती हैं, जिसे अलग-अलग टीमें पिछले कई साल से सेवाकार्यों में जुटी हैं, जो आगे भी ऐसे ही जारी रहेगी।